सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)
———

**राज्यपाल ने जनपद सीतापुर में सेना की भूमि पर पूर्व में कराए गए वृक्षारोपण स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया**

———

**वहां लगाए गए पौधों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली तथा वन विभाग के अधिकारियों को पौधों की नियमित देखभाल, सुरक्षा तथा संरक्षण हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए**

**–राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

————

लखनऊ : 14 मई, 2025

उत्तर प्रदे   ा की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी द्वारा आज जनपद सीतापुर में सेना की भूमि पर पूर्व में कराए गए वृक्षारोपण स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने वहां लगाए गए पौधों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली तथा वन विभाग के अधिकारियों को पौधों की नियमित देखभाल, सुरक्षा तथा संरक्षण हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि रोपण स्थल पर एक उपयुक्त, आकर्षक एवं सूचनात्मक बोर्ड लगाया जाए, जिससे वहां आने वाले लोगों को इस प्रयास की जानकारी मिल सके तथा पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी बढ़े।

राज्यपाल जी ने कहा कि ऐसे सतत् प्रयास पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि इन कार्यों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाना चाहिए, ताकि वृक्षारोपण के उद्देश्यों की पूर्ति हो सके और प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी सार्थक रूप से निभाई जा सके।

इस अवसर वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी तथा अन्य महानुभाव  उपस्थित रहे।

————

संपर्क सूत्रः
डॉ0 संगीता चौधरी,
सूचना अधिकारी, राजभवन
मो0: 9161668080




